JOINT FORUM FOR RESTORATION OF OLD PENSION SCHEME(NJCA)

4, State Entry Road, New Delhi 110055

No. JFROPS/NJCA/2023 Dated: August 10, 2023

प्रकाशनार्थ

पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच (जे.एफ.आर.ओ.पी.एस)/एन.जे.सी.ए ''पेंन्शन अधिकार महारैली, रामलीला मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 10 अगस्त 2023 को सम्पन्न हुई जिसमे पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय

दिनांक 10 अगस्त 2023 को रामलीला मैदान, नई दिल्ली मे आयोजित ''पेंन्शन अधिकार महारैली' जिसमे 1 लाख से अधिक केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी, एवं राज्य सरकारी कर्मचारियो ने भाग लिया, द्वारा एक मत से माननीय प्रधानमंत्री को प्रेषित किये जाने वाले ज्ञापन जिसमे ''राष्टीय पेंशन योजना'' के स्थान पर ''पुरानी पेंशन योजना'' सभी केन्द्रीय , राज्य सरकार के कर्मचारियो, शिक्षको आदि चाहे उनकी नियुक्ति की तारीख कोई भी हो, लागू किये जाने की मांग को तर्कसंगत एवं न्यायोचित ठहराया गया है, पारित किया गया।

श्री शिव गोपाल मिश्र, संयोजक, जेएफआरओपीएस/एनजेसीए द्वारा उक्त ज्ञापन जो कि माननीय प्रधानमंत्री को माननीय लोकसभा अध्यक्ष और माननीय राज्यसभा अध्यक्ष के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना है, को ''महारैली'' मे प्रस्तावित किया गया जिसका समर्थन डा. एम रघुवैया, सह–संयोजक/जेएफआरओपीएस/एनजेसीए, डा. एन कन्हैया, अध्यक्ष/एआईआरएफ, श्री गुमान सिंह, अध्यक्ष/एनएफआईआर, श्री एस एन पाठक, अध्यक्ष/एआईडीईएफ, श्री सी श्रीकुमार,महामंत्री/एआईडीईएफ, श्री अशोक सिंह, अध्यक्ष/आईएनडीडब्लयूएफ, श्री आरश्रीनिवासन, महामंत्री /आईएनडीडब्ल्यूएफ, श्री एस बी सिंह, महामंत्री/सीसीजीई एंडडब्लयू, श्री एस के त्यागी, सह–सयोंजक/जेएफआरओपीएस/एजनेसीए, श्रीजर्नादनमजमूदार, महामंत्री/एनएफपीई, श्री रूपक सरकार, महामंत्री /आईटीईएफ, श्री आर सी डबास, /एआईपीटीई, श्री रामपाल सिंह,/एआईपीटीएफ, श्री कमलाकांत त्रिपाठी,/एआईपीटीएफ, श्री हरि किशोर तिवारी,/यूपीएसईजेसी, श्री शैलेन्द्र यादव/एआईपीईएफ, श्री प्रंशात चतुवेर्दी, /एआईपीईएफ, श्री अशोक कुमार, महामंत्री/एआईएससी/एसटीआरई, श्री सुभाष लांबा,/एआईएसजीईएफ, श्री जयदेव दहिया,/एआईसीजीएचएसईए, श्री मुकेश शर्मा/एआईईडब्लयूसी, श्री सुशील कुमार पांडेय/यूपीपीएसएस, श्री मनमोहन राजबोगसी/एआईएफडीई, श्री पी के शर्मा,/एआईएसपीएफ, श्री बी पी सिंह रावत/एनओपीआरयूएफ, श्री अजय,/सीडीआरए, श्री मंजीत सिंह पटेल/एआईएनपीएसईएफ, श्री तरणी कुमार पासवान/बीकेएनएसएस (एफसीआई), श्री गणेश खजुरिया/जेकेटीएफ, श्री गोहर अहमद भट/जेकेजीएलटीएफ, श्री शिव शंकर दूबे/एफआरडीई, श्री किरनपाल सिंह,/सीईपीएफ, श्री मनोज टिवाटिया/सीईपीएफ, श्री जशबीर सिंह तलवारिया/पीपीबीएससी, श्री शिवाजी वैशरेडी/एफएनपीओ, श्री एल एन पाठक, का–ॅआर्डिनेंटर/जेएफआरओपीएस, श्री नवो कुमार करमाकर/एआईएफईए, एआईएफटीओ द्वारा कियागया।

तत्पश्चात श्री शिव गोपाल मिश्र, संयोजक द्वारा निम्नलिखित कार्य योजना के संबध में एक ''डिक्लेरेशन'' पेश किया गया जिसे रैली ने सर्वसम्मति से पारित किया गया।

1 राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) को समाप्त करने और गारंटीकृत पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग के लिए अभियान कार्यक्रम और कर्मचारियों को संगठित करना और सार्वजनिक समर्थन तैयार करना एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए और आने वाले दिनो मे सभी उद्योग/कार्यालय/यूनिट और स्थानीय स्तर पर इस कार्य में तेजी लाया जाना चाहिये। इस उद्देश्य के लिए सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग किया जाना चाहिए।

2 संयुक्त गेट मीटिंग, रैलियां, जुलूस, धरने, सेमिनार आदि निम्नलिखित तिथियों पर आयोजित किए जाने चाहिएः–

1 21.08.2023

2 21.09.2023 और

3 21.10.2023

3 21 और 22 नवम्बर 2023 को ''बिना गारंटी वाली ''एनपीएस'' को रद्द करने/वापस लेने और परिभाषित और गारंटी वाली पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने'' की एकल सूत्रीय मांग के समर्थन में ''अनिश्चितकालीन हड़ताल'' के लिए सभी घटक संगठनों द्वारा स्ट्राइक बैलेट (गुप्त मतपत्र) लिया जाएगा।

4 यह विशाल पेंशन अधिकार रैली `एफआरओपीएस की संचालन समिति को ''हड़ताल नोटिस '' जारी करने की तारीख और ''अनिश्चितकालीन हड़ताल'' शुरू होने की तारीख तय करने के लिए अधिकृत करती है।

5 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और अन्य समान विचारधारा वाले संगठनों से परामर्श के बाद हड़ताल के दौरान जेएफआरओपीएस/एनजेसीए द्वारा ''भारत बंद'' का आह्वान किया जाएगा।

6 जेएफआरओपीएस/एनजेसीए के संयोजक उपरोक्त घोषणा को भारत सरकार के कैबिनेट सचिव और संबंधित राज्य सरकारों के सभी मुख्य सचिवों को प्रेषित करेंगे।

उपरोक्त ''परिभाषित और गारंटीकृत पुरानी पेंशन योजना'' की मांग को पूरा करने के लिए आज, 10 अगस्त, 2023 को आयोजित की गई इस ''विशाल पेंशन अधिकार रैली'' की यह सर्व सर्वममति से पारित घोषणा है, ताकि सभी कोटियो के केन्द्रीय एवं राज्य सरकारी कर्मचारियो एवं शिक्षको आदि के लिए एक सभ्य और सम्मानजनक सेवानिवृत्त जीवन सुनिश्चित किया जा सके।

(शिव गोपाल मिश्र)
संयोजक

(डा. एम रघुवैया)
सह संयोंजक